E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./Memo/2025 दिनांक : 16/04/2025

सेवा में,

**प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय: सत्र 2024–25 एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक स्तर के द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम् सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फार्म पूरित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/343/2025 दिनांक 15.04.2025 द्वारा विश्वविद्यालय की सत्र 2024–25 सम सेमेस्टर के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक स्तर के द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम् सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म पूरित करने की तिथि 16.04.2025 तक निर्धारित की गयी थीं **विभिन्न महाविद्यालयों एवं छात्र/छात्राओं के अनुरोध पर उक्त परीक्षा फार्म पूरित करने की तिथि 17.04.2025 तक विस्तारित की जाती है।**

यह भी अवगत कराना है कि आदेशानुसार **जनपद फर्रूखाबाद, कानपुर देहात व इटावा** के महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि वह महाविद्यालय जिनको समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑन–लाइन परीक्षा फार्म पूरित कराये जाने में कतिपय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। **उक्त जनपदों के महाविद्यालयों के परीक्षा प्रभारी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं का विवरण संकलित कर कम्प्यूटर आपरेटर (लैपटाप सहित) के साथ संगत अभिलेखों सहित दिनांक 17.04.2025 दिन गुरूवार प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित कम्प्यूटर सेन्टर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें,** साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि किसी भी दशा में छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय न आना पड़े, उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु विश्वविद्यालय कृतसंकल्प है तथा उनकी समस्याओं का यथोचित समाधान किया जायेगा।

भवदीय,

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सिस्टम मैनेजर, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. पी0एम0यू0 सेल।
5. प्रभारी, कोडिंग।
6. गार्ड फाइल।

16/04/2025

**(राकेश कुमार मिश्रा)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)

Vijay